उत्तर प्रदेश विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम बुधवार के लिये निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 16-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेगे कि जनपद-सिद्धार्थनगर में मिट्टी एवं खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्राली या समतली करने हेतु खुदाई करने वाले मिट्टी लोडरों से प्रशासन द्वारा (वर्ष 2021-22 एवं 2022-23) में कितनों का चालान किया गया और इससे कितनी धनराशि की वसूली की गयी ? | विभागीय पोर्टल upminemitra.in पर बिना पंजीकरण किये तथा बिना अनुज्ञा-पत्र प्राप्त किये अवैध मिट्टी खनन/परिवहन किये जाने पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 16 वाहनों को पकड़ा गया, जिससे नियमानुसार शास्ति रू0 4.00 लाख जमा कराया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 87 वाहनों को पकड़ा गया, जिससे नियमानुसार शास्ति रू0 42.03 लाख राजकोष में जमा कराया गया है। |
| (ख) क्या निर्माणाधीन घरों की पटाई हेतु पुलिस और प्रशासन द्वारा अवैध वसूली शुल्क न देने के कारण यह चालान किये गये हैं ? | जी नहीं। |
| (ग) यदि हॉ, तो चालान के नाम पर लिखे गये जुर्माने की उच्च स्तरीय जॉच कराकर जॉच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।